**91. गद्यांश के अनुसार, संस्कृति की सकारात्मकता देशवासियों के किन गुणों पर निर्भर करती है?**

**(1) आज्ञाकारिता**

**(2) निपुणता**

**(3) सौजन्यता**

**(4) सदृश्यता**

**92. भारत के पश्चिम का भू-भाग कैसा है?**

**(1) तटीय**

**(2) उपजाऊ**

**(3) रेतीला**

**(4) अतिवृष्टि वाला**

**93. "भौगोलिक दृष्टि से भारत विविधताओं का देश है।" भौगोलिक विविधता से तात्पर्य है**

**(1) परिधान की विविधता**

**(2) धर्म की विविधता**

**(3) भाषा की विविधता**

**(4) जलवायु की विविधता**

**94. उत्तर दिशा के पर्वतीय भू-भाग की सीमा कहाँ से कहाँ तक विस्तृत है?**

**(1) पूर्व में ब्रह्मपुत्र और पश्चिम में सिन्धु नदी तक**

**(2) मेघालय के अतिवृष्टि वाले क्षेत्र तक**

**(3) सतलुज की उपजाऊ भूमि तक**

**(4) थार के रेतीले और पठारी भू-भाग तक**

**95. गद्यांश में किस प्रकार की विभिन्नता की बात नहीं की गई है?**

**(1) आर्थिक**

**(2) सामाजिक**

**(3) बौद्धिक**

**(4) भौगोलिक**

**96. भारत में अनेक सांस्कृतिक उपधाराएँ विकसित होने का क्या कारण है?**

**(1) इसके भू-भाग की विशालता**

**(2) इसमें पाई जाने वाली विविधता**

**(3) देशवासियों की निपुणता**

**(4) जनसमुदाय की सृजनात्मकता**

**97. 'मेघालय' शब्द का सन्धि-विच्छेद है**

**(1) मेघा + आलय**

**(2) मेघाल + य**

**(3) मेघ + आलय**

**(4) मेघ + अलय**

**98. पल्लवित और पुष्पित हुई हैं रेखांकित से तात्पर्य है**

**(1) समृद्ध**

**(2) बलिष्ठ**

**(3) पैदा**

**(4) विकृत**

**99. 'सांस्कृतिक' शब्द में प्रत्यय है**

WGL

(1) इक

(2) क

(3) तिक

(4) का

निर्देश (प्र.सं. 100-105) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

राजा वसन्त, वर्षा ऋतुओं की रानी, लेकिन दोनों की कितनी भिन्न कहानी ! राजा के मुख में हँसी, कण्ठ में माला, रानी का अन्तर विकल, दृगों में पानी। डोलती सुरभि राजा-घर कोने-कोने, परियाँ सेवा में खड़ीं सजाकर दोने। खोले अलकें रानी व्याकुल-सी आई, उमड़ी, जानें क्या व्यथा, लगी वह रोने। रानी, रोओ, पोंछो न अश्रु अंचल से, राजा अबोध खेले कचनार-कमल से। राजा के मन में कैसे कुसुम खिलेंगे, सींचो न धरा यदि तुम आँसू के जल से?

100. उपर्युक्त काव्यांश में किन दो ऋतुओं की बात कही गई है?

(1) शिशिर और वर्षा ऋतु

(2) वर्षा और हेमन्त ऋतु

(3) वसन्त और वर्षा ऋतु

(4) हेमन्त और वसन्त ऋतु

101. काव्यांश की किस पंक्ति से पता चलता है कि वसन्त ऋतु में चारों ओर सुगन्ध व्याप्त है?

(1) रानी का अन्तर विकल, दृगों में पानी।

(2) खोले अलकें रानी व्याकुल-सी आई,

(3) डोलती सुरभि राजा-घर कोने-कोने,

(4) परियाँ सेवा में खड़ीं सजाकर दोने।

102. 'दृगों में पानी' दृगों का अर्थ नेत्र है। ऋतुओं की रानी वर्षा के दृग कौन हो सकते हैं?

(1) नक्षत्र

(2) आकाश

(3) मेघ

(4) चन्द्रमा

103. वसन्त ऋतु में फूलों का खिलना सम्भव नहीं होगा, यदि …………….. रिक्त स्थान में उपयुक्त पंक्ति का चयन करें।

(1) उमड़ी, जानें, क्या-क्या, लगी वह रोने।

(2) डोलती सुरभि राज-घर कोने-कोने ।

(3) राजा अबोध खेले कचनार-कमल से।

(4) सींचो न धरा यदि तुम आँसू के जल से।

104. किस विकल्प में सभी शब्द 'कुसुम' के पर्यायवाची हैं?

(1) सुमन, प्रसून, पुष्प

(2) पुष्प, मंजरी, लता

(3) पादप, सुमन, दूर्वा

(4) प्रसून, वट, सुमन

105. 'राजा अबोध खेले कचनार-कमल से।' पंक्ति का भाव है

(1) चारों ओर नाना प्रकार के फूलों की छटा व्याप्त है।

(2) कचनार व कमल के फूलों से राजा खेल रहे हैं।

(3) चारों ओर खिले फूलों से राजा खेलना चाहते हैं।

(4) कचनार व कमल की सुगन्ध चारों ओर व्याप्त हैं।

106. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारत के संविधान की अनुसूची में नहीं है?

(1) तमिल

(2) हिन्दी

(3) उर्दू

(4) मिजो

107. एक शिक्षार्थी कक्षा में अपने अध्यापक की बात को ध्यानपूर्वक सुनती है और अगले दिन प्रदत्त कार्य पूरा करने के लिए अध्यापक की बातों के मुख्य बिन्दु लिखती भी है। इस प्रकार के श्रवण को क्या कहा जाता है?

(1) विस्तृत श्रवण

(2) अकादमिक श्रवणार

(3) शीर्ष पाद मॉडल

(4) गहन श्रवण

108. एक अध्यापक ने अपने शिक्षार्थियों को दो पहेलियाँ सुनाई और जोड़ों में बैठकर उनका समाधान खोजने के लिए कहा। एक को कहा कि वह जो भी सोच रही है, उसे बोल कर पहेली का हल निकाले और दूसरे को दूसरी पहेली का हल इसी तरीके से ढूँढ़ना है। इस गतिविधि को क्या कहा जाएगा?

(1) बोलना एवं सुनना

(2) जोड़े में कार्य

(3) भाषा का प्रयोग

(4) सोचकर लिखा गया संलेख (थिंक अलाइड प्रोटोकॉल)

109. एक अध्यापिका समाचार पत्र से एक गद्य खण्ड का चयन करती है और उसमें प्रत्येक पाँचवें शब्द (जो क्रिया शब्द हैं) को हटा देती है और विद्यार्थियों द्वारा इस गद्य खण्ड में से हटाए गए शब्दों को भरने के लिए एक आकलन कार्य तैयार करती है। इस प्रकार के आकलन कार्य को क्या कहते हैं?

(1) रिक्त स्थान की पूर्ति

(2) व्याकरण का कार्य

(3) क्लोज कार्य

(4) व्याकरण के लिए कार्य

110. शब्द भण्डार और भाषा के अन्य पहलुओं के शिक्षण-अधिगम के लिए अध्यापकों द्वारा प्रयोग में लाई जा रही सामग्री और वस्तुओं को किस रूप में जाना जाता है?

(1) खेल सामग्री

(2) खिलौने एवं खेल

(3) वास्तविक वस्तुएँ

(4) सांस्कृतिक सामग्री

111. व्याकरण के शिक्षण-अधिगम के लिए कौन-सा तरीका आदर्श होगा?

(1) सहज भाव से चल रहे विमर्श में व्याकरणिक नियमों को प्रस्तुत करना और शिक्षार्थियों को उन्हें पहचानने के अवसर देना।

(2) शिक्षार्थियों को पहले नियम बताना और फिर विस्तृत व्याख्या करना, फिर गतिविधि करवाना।

(3) वाक्यों में नियम संरचित कर जितना अधिक सम्भव हो सके, अभ्यास करवाना।

(4) नियम बताना और शिक्षार्थियों को नियम याद करने के लिए मदद करना।

112. लिंगदो किसी पठन-सामग्री या बोले गए कथन में कुछ शब्दों की पहचान कर लेता है, परन्तु स्वयं से उनका प्रयोग नहीं कर पाता है। इन शब्दों को क्या कहते हैं?

(1) सक्रिय शब्द सम्पदा

(2) निष्क्रिय शब्द सम्पदा

(3) कठिन शब्द

(4) अपरिचित शब्द

113. रहीम नौ बजे के समाचार प्रतिदिन सुनता है और अपने कुछ मित्रों के साथ कुछ खबरें साझा करता है। इस प्रकार के श्रवण को क्या कहते हैं?

(1) गहन श्रवण

(2) विस्तृत श्रवण

(3) ऊर्ध्वगामी मॉडल

(4) सूचना के लिए श्रवण

114. एक अध्यापिका अपनी कक्षा में दस वाक्यों के अनुच्छेद का श्रुतलेख करवाती है। वह अनुच्छेद को दो बार पढ़ती है और अपने शिक्षार्थियों को ध्यानपूर्वक सुनने के लिए कहती है और सुनकर उसी अनुच्छेद को लिखने के लिए कहती है। शिक्षार्थियों को अनुच्छेद हू-ब-हू नहीं लिखना है। उन्हें अनुच्छेद का सार या मुख्य बिन्दु ग्रहण करना है।

अध्यापिका यहाँ पर श्रवण शिक्षण की कौन-सी युक्ति अपना रही है?

(1) ऊर्ध्वगामी उपागम (बॉटम अप)

(2) संरचनात्मक उपागम

(3) शीर्ष पाद उपागम (टॉप डाउन)

(4) अनुच्छेद श्रुतलेखन

115. नीचे कक्षा आठ के शिक्षार्थियों के लिए प्रदत्त कार्य का उल्लेख है। इसे किस तरह का लेखन कहेंगे? जोड़ों में बैठकर चर्चा करो मख्य बिन्दुओं को लिख लो और विषय के पक्ष तथा विपक्ष के लिए दो-दो तर्क देते हुए एक अच्छा लेख तैयार करें। 'विश्व के सभी देशों को जलवायु परिवर्तन प्रभावित कर रहा है' यह विषय है।

(1) तर्कमूलक लेखन

(3) रचनात्मक लेखन

(2) वर्णनात्मक लेखन

(4) व्याख्यात्मक लेखन

## 116. भाषा के बारे में कौन-सा सही है?

(1) एक बोली में अनेक भाषाएँ होती हैं।

(2) भाषा के लिए लिपि का होना अनिवार्य है, तभी वह भाषा कहलाएगी।

(3) भाषा के लिए एक क्षेत्र विशेष का होना जरूरी है।

(4) एक भाषा में कई बोलियाँ होती हैं।

## 117. भाषा अधिगम के लिए कौन-सी सामग्री प्रामाणिक नहीं है?

(1) समाचार-पत्र का कोई लेख

(2) किसी पत्रिका का कार्टून

(3) एक खिलौना (बन्दर गुड़िया)

(4) अध्यापक द्वारा कल्पित पाठ्य-सामग्री

## 118. निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा के आकलन हेतु प्रामाणिक जाँच कार्य नहीं है?

(1) एक वृक्ष की आत्मकथा लिखो।

(2) कल्पना करें कि आप अपने घर के बाहर लगा हुआ एक वृक्ष हैं और अपनी कहानी बता रहे हैं।

(3) किसी चित्र में दिए गए दृश्य का वर्णन अपने शब्दों में करो।

(4) अपने विद्यालय आते हुए आपने रास्ते में दो पुरुषों को झगड़ा करते हुए देखा, इस घटना का वर्णन करो।

## 119. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 भाषा शिक्षा और भाषा अधिगम को किंस रूप में वर्णित करती है?

(1) सभी के लिए भाषा

(2) बहुभाषावाद और भाषा की सत्ता

(3) त्रिभाषा सूत्र

WGL

**(4) बहुभाषा अधिगम और भाषा की सत्ता**

**(4) संरचनात्मक आक़लन**

WGL